

# जेन जी प्यार को लेकर कन्फ्यूज़ नहीं है : सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत चतुर्वेदी का मानना है कि जेन ज़ी प्यार में कन्फ्यूज़ नहीं है. सिद्धांत के अनुसार सोशल मीडिया के दौर ने रोमांस के मायने और उसकी अभिव्यक्ति दोनों को बदल दिया है. जो चीज़ें लोगों को भ्रम लगती हैं, दरअसल वह प्यार को समझने और जताने के नए तरीके हैं.

सिद्धांत ने कहा, 'आज हम सोशल मीडिया के युग में जी रहे हैं, और इसने प्यार के काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है. सिद्धांत ने कहा, 'हमारे समय में भी कन्फ्यूज़न था, लेकिन बिल्कुल अलग स्तर पर. सोशल मीडिया नहीं था, इसलिए हमें अक्सर पता ही नहीं चलता था कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है. सालों बीत जाते थे और हम उनकी भावनाओं से अनजान रहते थे. 'उन्होंने मुस्कुराते हुए याद किया, 'हम स्कूल के बाहर खड़े होकर उसकी सिर्फ एक झलक पाने का इंतज़ार करते थे. बस यह उम्मीद रहती थी कि एक बार नजर मिल जाए. नज़र मिल गई तो क्या उसने हमें देखा या नहीं? यदि वो आगे बढ़ गई है तो क्या पलटकर देखेगी? ये छोटे-छोटे पल हमारे लिए सब कुछ होते थे.'

दिलचस्प बात यह है कि सिद्धांत के ये विचार ऐसे समय में सामने आए हैं, जब वह अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'दो दीवाने सहर में' की रिलीज़ की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ नजर आएंगे. आज की डेटिंग कल्चर पर बात करते हुए उन्होंने कहा, अब तो प्यार भी सोशल मीडिया से काफी प्रभावित है. लोग जानबूझकर ऐसी स्टोरी डालते हैं, जिनमें वही गाना होता है जो सामने वाले को पसंद है, और फिर इंतज़ार करते हैं कि उसने देखा या लाइक किया या नहीं. आज की डेटिंग में इतने सारे टर्म्स हैं, घोस्टिंग, ब्रेडक्रंबिंग और न जाने क्या-क्या कि आधा समय तो हमें इनके मतलब ही समझ नहीं आते.

# संदीपा धर ने शेयर किया मजेदार वीडियो



अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह इशारों-इशारों में बताती नज़र आती हैं कि प्यार के इस मौसम में वह अभी भी अपने 'खास इंसान' की तलाश में हैं.

संदीपा का यह हल्का-फुल्का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.वीडियो में संदीपा, घर के अंदर आराम से बैठी हैं और अपने डायलॉग्स को मज़ेदार एक्सप्रेशंस के साथ पेश कर रही हैं. दिलचस्प बात यह है कि उनकी कॉमिक टाइमिंग इस वीडियो को और भी खास बना रही है. पिंक रंग के स्लीवलेस निट टॉप में संदीपा बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उनका लुक सिंपल होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी है.

संदीपा धर के पास आने वाले समय में कई अच्छे प्रोजेक्ट्स हैं. संदीपा जल्द ही 20 फरवरी को रिलीज़ होने जा रही रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नज़र आनेवाली है. फिलहाल फिल्म के ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिल चुका है, जिससे वे काफी उत्साहित हैं. इसके अलावा संदीपा नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल सीरीज़ 'चुंबक' में भी दिखाई देंगी.



# काजल राघवानी स्टारर फिल्म 'पिया का घर' की शूटिंग शुरू

**सिनेमा** की लोकप्रिय अभिनेत्री काजल राघवानी की नई फिल्म 'पिया का घर' की शूटिंग उत्तर प्रदेश के जौनपुर में शुरू हो गई है. एसआरके म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बन रही इस फिल्म की शूटिंग के पहले ही दिन सेट पर कलाकारों और तकनीकी टीम के बीच जबरदस्त ऊर्जा देखने को मिली.

काजल राघवानी ने कहा कि 'पिया का घर' एक खूबसूरत पारिवारिक और भावनात्मक कहानी पर आधारित फिल्म है, जिसमें रिश्तों की गहराई, प्यार और संस्कार को बहुत ही संवेदनशील तरीके से दिखाया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस फिल्म की कहानी दर्शकों को अपने परिवार और अपनों की अहमियत का एहसास कराएगी.'

काजल राघवानी ने कहा कि जौनपुर की खूबसूरत लोकेशन पर शूटिंग का अनुभव बेहद शानदार रहा और पूरी टीम के साथ काम करके उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है.

उन्होंने विश्वास जताया कि यह फिल्म दर्शकों को जरूर पसंद आएगी और उनके दिलों में खास जगह बनाएगी.

फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और सह-निर्माता शर्मिला आर. सिंह हैं, जबकि निर्देशन की कमान संजय श्रीवास्तव संभाल रहे हैं. सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी राज ठाकुर निभा रहे हैं.

निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि 'पिया का घर' दर्शकों को पारिवारिक मूल्यों और भावनात्मक जुड़ाव की एक खूबसूरत कहानी पेश करेगी. फिल्म के भव्य लोकेशन और मजबूत स्टारकास्ट को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि रिलीज के बाद यह भोजपुरी दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय होगी. फिल्म एक पारिवारिक और भावनात्मक कहानी पर आधारित है, जिसमें रिश्तों, प्रेम और संघर्ष की झलक देखने को मिलेगी.

# राजपाल ने जाहिर की थी तंगहाली

अभिनेता राजपाल यादव का इमोशनल वीडियो और बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. तिहाड़ जेल में सरेंडर करने से ठीक पहले दिया गया उनका यह बयान न सिर्फ़ उनके फैंस बल्कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री को भावुक कर गया. बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजपाल यादव ने अधिकारियों के सामने अपनी खराब आर्थिक स्थिति को लेकर खुलकर दर्द बयां किया था. जब उनसे उनकी कानूनी परेशानियों के बारे में सवाल किया गय, तो उन्होंने बेहद बेबसी भरे लहजे में कहा, 'सर, क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं. कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा.' उनका यह बयान उस मानसिक और आर्थिक दबाव को दर्शाता है, जिससे वह लंबे समय से गुजर रहे थे.



राजपाल यादव के इस इमोशनल बयान ने उनके संघर्ष और अकेलेपन की कहानी को उजागर कर दिया. जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने अपने करीबी दोस्तों या इंडस्ट्री में मौजूद परिचितों, जैसे मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन से मदद क्यों नहीं मांगी तो उनका जवाब और भी ज्यादा चौंकाने वाला था. उन्होंने कहा, 'सर, यहां हम सब अकेले हैं. कोई दोस्त नहीं होता. मुझे इस मुश्किल का सामना खुद ही करना होगा.' यह बयान फिल्म इंडस्ट्री के उस कड़वे सच की ओर इशारा करता है, जहां मुश्किल वक्त में कई बार कलाकार खुद को अकेला महसूस करते हैं. क्या है पूरा मामला? राजपाल यादव की कानूनी परेशानियों की शुरुआत साल 2010 में हुई थी. उन्होंने अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'अता पता लापता' (2012) के लिए दिल्ली स्थित मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से ?5 करोड़ का लोन लिया था.



# कोई भी आपको शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं रखता : सुम्बुल

अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि कोई भी व्यक्ति किसी को शारीरिक रूप से चोट पहुँचाने का अधिकार नहीं रखता, चाहे वह आपका प्रिय ही क्यों न हो.

सोनी सब का लोकप्रिय शो इत्ती सी खुशी की कहानी के केंद्र में है अन्विता, जिसे सुम्बुल तौकीर खान निभा रही हैं. अन्विता एक ऐसी महिला है, जिसने अपनी उम्र से कहीं अधिक ज़िम्मेदारियाँ चुपचाप निभाई हैं. परिवार की देखभाल से लेकर विवाह को धैर्य और दृढ़ता के साथ निभाने तक, अन्विता की यात्रा हमेशा उन छोटे-छोटे तथा अनदेखे त्यागों के बारे में रही है, जो उसकी ज़िंदगी को आकार देते हैं.

वर्तमान ट्रैक में दर्शक एक अहम मोड़ देखते हैं, जब अन्विता अपने पति संजय (ऋषि सक्सेना) द्वारा थप्पड़ मारे जाने पर चुप रहने के बजाए आत्मसम्मान को चुनती है. सुम्बुल तौकीर खान ने इस गहन दृश्य को निभाने के अनुभव और अन्विता के निर्णय के मायने साझा किये. उन्होंने कहा, मैं चाहती हूँ कि यह ट्रैक लोगों को यह एहसास दिलाए कि किसी को भी आपको शारीरिक रूप से चोट पहुँचाने का अधिकार नहीं है, यहां तक कि जिसे आप प्यार करते हैं उसे भी नहीं. यही संदेश मैं चाहती हूँ कि दर्शक इस चरण से लेकर जाएँ.

# प्यार के हर रंग का जश्न मनाते हैं जी टीवी स्टार्स

**वैलेंटाइंस** डे सिर्फ रोमांस का दिन नहीं है, बल्कि ये हमें याद दिलाता है कि जिंदगी में प्यार कितने अलग-अलग रूपों में मौजूद होता है. कहीं ये खामोश साथ बनकर सामने आता है, कहीं गहरे रिश्तों की शक्ल लेता है, तो कहीं दोस्ती के उस एहसास में ढल जाता है जो घर जैसा सुकून देता है. वक्त के साथ रिश्ते मजबूत होते जाते हैं और प्यार भी वैसे ही बदलता और बढ़ता है, बिल्कुल उन कहानियों की तरह, जिन्हें हम रोज़ टीवी पर देखते हैं और जिनसे खुद को जोड़ पाते हैं. टीवी ने सालों से इन एहसासों को बड़ी खूबसूरती से दिखाया है और ऐसी लव स्टोरीज़ घर-घर पहुंचाई हैं, जो सच्ची, अपनी-सी और जिंदगी के करीब लगती हैं. ज़ी टीवी हमेशा से ऐसी कहानियां दिखाता आया है, जो रिश्तों और जज्बातों की सच्ची तस्वीर पेश करती हैं. चाहे वो समझदारी भरे रिश्ते हों, धीरे-धीरे पनपता प्यार हो, दिल से जुड़ी मोहब्बत हो या जिंदगी के उतार-चढ़ाव के साथ चलती भावनाओं की कहानी, ये शो दर्शकों को ये याद दिलाते हैं कि प्यार भले ही परफेक्ट ना हो, लेकिन उसकी ताकत हमेशा बनी रहती है.



इस वैलेंटाइंस डे पर ज़ी टीवी के कलाकार चौकसे, 'जगद्धात्री' से सायंतनी घोष, 'जाने अमनदीप सिद्धू और 'वसुधा' से अभिषेक शर्मा हैं. 'लक्ष्मी निवास' से मानसी जोशी रॉय, 'तुम से तुम तक' से निहारिका अनजाने हम मिले' से आयुषी खुराना, 'गंगा माई की बेटियां' से प्यार, रिश्तों और वैलेंटाइंस डे के मायने पर खुलकर बात कर रहे

'लक्ष्मी निवास' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं मानसी जोशी रॉय कहती हैं, 'वैलेंटाइंस डे को लेकर मेरा नज़रिया थोड़ा अलग है. मुझे लगता है कि ये एक तरह का ट्रेंड बन चुका है. जब मैं छोटी थी, तब मैं भी इसकी चमक-दमक में बह जाती थी, लेकिन अब वक्त के साथ मैंने उस प्यार की अहमियत समझी है, जो सिर्फ खास दिनों में नहीं, बल्कि हर दिन खुद को साबित करता है. और मेरे लिए मेरा वैलेंटाइन यही करता है. हम दोनों में से रोहित ज्यादा रोमांटिक है और वो हमेशा मुझे बड़े-बड़े सरप्राइज़ देता रहा है, जो मुझे बहुत पसंद भी हैं.

लेकिन मेरा मानना है कि प्यार हर दिन, हर पल मनाया जाना चाहिए, सिर्फ खास तारीखों पर नहीं.'

**वैलेंटाइन वीक स्पेशल**

# कलाकार कैसे सेलीब्रेट करते हैं अपना वैलेंटाइन डे

**फ**रवरी का महीना आते ही माहौल में प्यार और अपनापन घुलने लगता है. वैलेंटाइन डे सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उन रिश्तों का जश्न है जो विश्वास, समझ और साथ से बनते हैं. इसी खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने दिल की बातें साझा कीं और बताया कि वे इस दिन को अपने प्रियजनों के साथ कैसे मनाने वाले हैं. इनमें शामिल हैं तरूण खन्ना (आगामी शो 'हे भगवान कितना बदल गया इंसान' में महादेव), हर्ष वशिष्ठ (घरवाली पेड़वाली), योगेश त्रिपाठी (हप्पू की उलटन पलटन) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं). तरूण खन्ना, जोकि एण्डटीवी के आगामी शो 'हे भगवान-कितना बदल गया इंसान' में महादेव के रूप में नजर आएंगे, कहते हैं, 'वैलेंटाइन डे हमें याद दिलाता है कि व्यस्त जिंदगी के बीच भी प्यार के लिए समय निकालना कितना जरूरी है. इन दिनों मैं शूटिंग में काफी व्यस्त हूं, लेकिन इसके बावजूद मैंने अपनी पत्नी के लिए एक खास सरप्राइज़ प्लान किया है. घर पर सुकून भरी शाम, उनका पसंदीदा खाना, हल्का संगीत, मरीन ड्राइव पर लंबी ड्राइव और दिल से लिखा एक नोट. मेरे लिए प्यार का मतलब है- छोटे-छोटे पलों को खास बनाना और अपने साथी को यह महसूस कराना कि वह हमेशा सबसे ज़रूरी है.'

हर्ष वशिष्ठ, जो एण्डटीवी के 'घरवाली पेड़वाली' में रमेश की भूमिका निभा रहे हैं, बताते हैं, मेरे लिए वैलेंटाइन डे दिखावे या महंगे तोहफों का दिन नहीं है, बल्कि उन भावनाओं को व्यक्त करने का मौका है, जो अक्सर कह नहीं पाते.



## साइंस एंड टेक्नोलॉजी

# चैटजीपीटी के अंदर विज्ञापनों की लाइव टेस्टिंग शुरू

ओपनएआई ने आज कन्फर्म कर दिया है कि वह चैटजीपीटी में विज्ञापनों का अपना पहला लाइव टेस्टिंग शुरू कर रहा है जिसके तहत चुनिंदा यूजर्स को ऐप के अंदर ही स्पॉन्सर्ड मैसेज दिखाए जाएंगे. विज्ञापन चैट इंटरफेस के नीचे एक साफ तौर से लेबल किए गए सेक्शन में दिखाई देंगे. ये रिस्पॉन्स के अंदर नहीं दिखेंगे जिससे वे चैटजीपीटी के जवाबों से अलग दिखेंगे. ओपनएआई चैटजीपीटी के अंदर साफतौर से लेबल किए गए विज्ञापनों की टेस्टिंग कर रहा है जो संवादात्मक एआई से कमाई करने की दिशा में उसका पहला कदम है.

**किन यूजर्स को दिखेंगे चैटजीपीटी में विज्ञापन-** ओपनएआई मुफ्त टियर और अपने कम लागत वाले गो सब्सक्रिप्शन पर लॉग-इन किए हुए यूजर्स को विज्ञापन दिखाएगा. कंपनी ने कहा कि एडवर्टाइजर्स यूजर्स की बातचीत नहीं देख पाएंगे और न ही चैटजीपीटी के रिएक्शन्स पर असर डाल पाएंगे. ओपनएआई के मुताबिक भले ही विज्ञापन हर एक यूजर के लिए उपयोगी होंगे.

**विज्ञापन कैसे चुने जाते हैं-** टेस्टिंग के दौरान ओपनएआई विज्ञापनों को बातचीत के विषयों, पिछली चैट और पहले की विज्ञापन एक्टिविटी से मिलाता है. उदाहरण के लिए देखें तो डिशेज की खोज कर रहे यूजर्स को मील किट या किराने की डिलीवरी के विज्ञापन दिख सकते हैं. अगर कई एडवर्टाइजर योग्य पाए जाते हैं तो OpenAI सबसे प्रासंगिक ऑप्शन पहले दिखाता है.

# लीक हुई सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज की लॉन्च डेट

सैमसंग गैलेक्सी एस 26 सीरीज के लॉन्च होने का इंतजार कर रहे ग्राहकों के लिए लगातार खबरों के आने का सिलसिला जारी है. अब सैमसंग ने अनजाने में ही अपने अगले फ्लैगशिप स्मार्टफोन, गैलेक्सी एस 26 सीरीज के लॉन्च की तारीख का हिंट दे दिया है. हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरियाई टेक कंपनी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर एक प्रचार अभियान की घोषणा के दौरान गैलेक्सी एस 26 सीरीज के लॉन्च की तारीख का हिंट दे दिया है. सैमसंग गैलेक्सी एस 26 सीरीज के फरवरी के आखिर तक लॉन्च होने की उम्मीद है जो लॉन्च की तारीख के बारे में पहले लीक हुई जानकारियों को कन्फर्म करता है.

### सैमसंग गैलेक्सी एस 26 सीरीज लॉन्च की तारीख लगभग तय

सैमसंग गैलेक्सी एस 26 सीरीज के संभावित लॉन्च की तारीख का पता किसी ऑफिशियल ऐलान से नहीं बल्कि एक प्रचार अभियान के नियमों और शर्तों से चला. सैमसंग की गल्फ ब्रांच के एक्स पर एक पोस्ट में घोषित अभियान के बारीक अक्षरों में यह हिंट देखा गया. हालांकि यह कैंपेन गैलेक्सी एस 26 लाइनअप से सीधे तौर पर कनेक्टेड नहीं था लेकिन इसके नियमों और शर्तों में दी गई तारीखें सैमसंग के अगले फ्लैगशिप लॉन्च की तारीखों से काफी मिलती-जुलती लग रही हैं.

एस 26 सीरीज के लॉन्च की सबसे संभावित तारीख 25 फरवरी

नियमों के मुताबिक कैंपेन को दो फेज में बांटा गया है पहला फेज गैलेक्सी अनपैक्ड से पहले का है जो 2 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा और दूसरा फेज अभियान के बाद का है जो 25 फरवरी से शुरू होकर आगे तक चलेगा. इससे हिंट मिलता है कि गैलेक्सी एस 26 सीरीज के लॉन्च की सबसे संभावित तारीख 25 फरवरी है. अगर यह जानकारी सही साबित होती है तो संभावना है कि दक्षिण कोरियाई टेक कंपनी आधिकारिक घोषणा से पहले अगले कुछ हफ्तों में अपकमिंग अनपैक्ड इवेंट के बारे में संकेत देना शुरू कर सकती है.




यह सुझाई गई तारीख सैमसंग गैलेक्सी एस 26 सीरीज के लॉन्च की तारीख के बारे में पहले लीक हुई जानकारियों को कन्फर्म करती है. पहले की खबरों के मुताबिक सैमसंग गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट 25 फरवरी को होगा. इच्छुक ग्राहक 26 फरवरी से 4 मार्च के बीच सैमसंग गैलेक्सी एस 26 मॉडल का प्री-ऑर्डर कर सकेंगे. प्री-सेल की अवधि 5 मार्च से 10 मार्च तक रहने की उम्मीद है.



# प्रशांत महासागर में बनेगा अल नीनो

दुनिया को अगले साल तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है. इसकी वजह प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना होगा. मौसम विज्ञान के एक्सपर्ट का कहना है कि प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना 2027 में ग्लोबल तापमान को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा सकता है. ऐसा होने पर साल 2027 पिछले तीन वर्षों के मुकाबले कहीं ज्यादा गर्म रहेगा. यह इसलिए चिंताजनक है क्योंकि बीते तीन वर्ष पहले ही सबसे गर्म साल रिकॉर्ड किए गए हैं.

मौसम एजेंसियों और क्लाइमेट वैज्ञानिकों ने इस साल के आखिर में प्रशांत महासागर में अल नीनो बनने की संभावना जताई है. यह घटना 2027 में ग्लोबल तापमान को अब तक के सबसे ऊंचे रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा देगी. पूरी दुनिया में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा.

एक्सपर्ट ने गार्जियन को बताया है कि अभी पक्के तौर पर कुछ कहना जल्दबाजी होगी. फिलहाल कोई दावा नहीं किया जा सकता लेकिन प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के फैलाव में ऐसे संकेत मिले हैं, जो बताते हैं कि 2026 में अल नीनो बन सकता है.

**अल नीनो कैसे बनता है-** प्रशांत महासागर में समुद्र के तापमान का चक्र दुनिया भर में मौसम की चरम घटनाओं से जुड़ा हुआ है. भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के पूर्व में औसत से ज्यादा गर्म पानी इकट्ठा होकर अमेरिकी महाद्वीप के तट तक फैलता है तो इसे अल नीनो कहा जाता है. यह ग्लोबल तापमान को बढ़ाता है.

ऑस्ट्रेलिया के ब्यूरो ने कहा है कि कुछ मॉडल जून से अल नीनो के बनने की संभावना बता रहे हैं.

# साल के पहले सूर्यग्रहण के लिए हो जाइए तैयार

**साल** 2026 का पहला सूर्यग्रहण इसी फरवरी महीने में लगने जा रहा है. यह एक वलयाकार सूर्यग्रहण होगा जो आसमान में एक दिलचस्प नजारा दिखाएगा. दुनिया भर के खगोल वैज्ञानिक इसे देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हालांकि, आम लोगों के लिए इसे देखना थोड़ा मुश्किल हो सकता है. हालांकि, लोग यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि क्या साल का पहला सूर्यग्रहण भारत में दिखाई देगा या नहीं. इसका जवाब आपको आगे मिलेगा लेकिन पहले इस सूर्यग्रहण के बारे में जान लेते हैं कि यह कब दिखाई देगा और इसकी खास बातें क्या हैं. साल का पहला सूर्यग्रहण 17 फरवरी 2026 को लगने जा रहा है. सूर्यग्रहण एक खगोलीय घटना है जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक सीधी रेखा में होते हैं. इस दौरान चंद्रमा सूर्य की डिस्क को ढंक लेता है और सूर्य का पूरा का आंशिक हिस्सा दिखना बंद हो जाता है. इस घटना को चंद्रग्रहण कहते हैं. 17 फरवरी को वलयाकार सूर्यग्रहण होने जा रहा है.



**क्या है वलयाकार सूर्यग्रहण?** वलयाकार सूर्यग्रहण तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी के सबसे दूर बिंदु के पास होता है. इसके चलते यह आकार में छोटा दिखाई देता है और जब सूर्य के सामने से गुजरता है तो उसे पूरी तरह से नहीं ढक पाता. इस दौरान चंद्रमा की परछाई के चारों ओर सूर्य की डिस्क का बाहरी हिस्सा जलता हुआ दिखाई देता है. यह आग के छल्ले का नजारा दिखाता है, जिसे रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है.

**भारत से दिखेगा सूर्यग्रहण?-** सूर्यग्रहण का आंशिक चरण चिली और अर्जेंटीना के सबसे दक्षिणी हिस्सों से और दक्षिण अफ्रीका के कुछ हिस्सों से सूर्योदय के बाद दिखाई देगा. ग्रहण का क्षेत्र दक्षिणी गोलार्ध में होगा जबकि भारत उत्तरी गोलार्ध में है. ऐसे में सूर्यग्रहण किसी भी रूप में भारत से नहीं दिखाई देगा. सूर्यग्रहण को देखने के लिए खास चश्मे से ही देखना सुरक्षित होता है.